सार-समाचार

## नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया



**सायला,** (निसं)। सायला के निकटवर्ती ओटवाला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जालोर द्वारा नशा मुक्ति के लिए ग्रामवासियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जालोर की परियोजना समन्वयक अशोक कुमार बागड़िया एवं हीरालाल चौहान ने नशे के अनेक उदाहरण देकर नशे से होने वाले दुष्परिणाम एवं नशे से होने वाले बीमारियों के बारे में अवगत करवाया। साथ ही नशे से ग्रसित लोगों को नशा मुक्ति केंद्र में आने के लिए प्रेरित किया। वही ग्रामवासियों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। सरपंच दीपाराम मेघवाल ने बताया कि वर्तमान में युवाओं में स्मैक, एमडी व अफीम जैसे भारी नशे की प्रवृति बढ़ रही है। जिससे युवाओं को दूर रहने के लिए आग्रह किया। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे।

## रविन्द्रसिंह बालावत सदस्य बने



**जालोर,** (कासं)। केन्द्र सरकार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 (1994 का 55) के खंड 3 और खंड 5 में पदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जालोर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बालावत को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बोर्ड का सदस्य मनोनित किया। रविन्द्रसिंह बालावत को तत्काल प्रभाव से तीन वर्षों की अवधि अथवा आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बोर्ड पर गैर-सरकारी स्वतंत्र सदस्यों (अंश कालिक) के रूप में नागर विमानन मंत्रालय (एएआई प्रभाग) भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा नियुक्त किया गया है।

## पिकअप-बस की टक्कर में एक की मौत

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर के जालीपा माइंस के पास सोमवार सुबह बस और पिकअप में जबरदस्त भिडंत हो गई। इस भिडंत में पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया तथा मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। वही इस हादसे के बाद मृतक के परिजन व समाज के लोग मोर्चरी के बाहर एकित्रत हो गए और विभिन्न मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीण थाना के एसआई पुरखाराम ने बताया कि सोमवार सुबह पिकअप में सवार चार लोग जैसलमेर की तरफ जा रहे थे। जालीपा माइंस के पास एक निजी कंपनी की बस भाडका से माइंस में जा रही थी। तभी दोनो वाहनों में भिडंत हो गई। जानकारी के मुताबिक हादसे में पिकअप में सवार रमेश उर्फ दोसु खान वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई व खबाड खान उम्र 25 वर्ष, अकबर खान उम्र 19 वर्ष तथा सदाम खान घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी और सूचना पर ग्रामीण थाने की पुलिस मौके पर पहुँची। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ खाबड खान की हालत गंभीर होने के चलते जोधपुर रेफर कर दिया गया।बाकी घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मृतक दोसु खान के शव को पुलिस ने मोर्चेरी रखवाया। बस की लापरवाही के चलते इस हादसे को घटित होना बताया जा रहा है।मोर्चरी के बाहर परिजन व समाज के काफी लोग एकित्रत हो गये व विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।जिसके बाद मौके पर बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन, पूर्व राज्य मंत्री अशरफ अली, उदाराम मेघवाल, रामसिंह सहित मौजिज लोग धरनास्थल पहुंचे और समझाइश की।बाडमेर विधायक की समझाइश के बाद मृतक के परिजनों व घायलों को कंपनी व सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता आदि के आश्वासन के बाद सहमति बनी व धरना समाप्त कर शव को उठाया गया।

## बाबा रामदेव समाधि के दर्शन किये

**रामदेवरा,** (निसं)। जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह नाथावत ने सोमवार को रामदेवरा स्थित बाबा रामदेव समाधि के दर्शन कर देश और प्रदेश में अमन चैन की प्रार्थना की। सोमवार दोपहर को रामदेवरा पहुंचे जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह नाथावत ने अपने जिला पुलिस अधीक्षक का नया कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व बाबा रामदेव समाधि के विधिवत दर्शन कर मंगल कामना की। दर्शन के बाद पुलिस अधीक्षक समाधि समिति कार्यालय पहुचे। जहां उनका माला,साफा पहनाकर बाबा रामदेव की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष आशु सिंह तंवर, आनंद सिंह तंवर,हनुमान सिंह तंवर, चुतर सिंह तंवर आदि उपस्थित रहे। वही इससे पहले पुलिस अधीक्षक के रामदेवरा पहुंचने पर रामदेवरा थाना प्रभारी विशन सिंह ने उनकी अगुवानी की।

## अवैध देशी शराब सहित एक गिरफ्तार

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के करडा पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब तस्करों के विरूद्व चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत करडा थानाधिकारी अमरसिंह के नेतृत्व में गठित टीम मय जाब्ता ने दौराने नाकाबन्दी लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के तहत सरहद करडा मे कोडका रोड पर पर कालुसिंह (40) पुत्र किरतसिंह जाति राजपूत निवासी करडा के कब्जे से अवैध देशी शराब के कुल 47 पव्वे जब्त कर मुलजिम कालुसिंह को गिरफ्तार किया।

## रिक्त स्थानों के लिए आवेदन 30 तक

**जालोर,** (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय महाविद्यालय जालोर में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (इतिहास एवं अर्थशास्त्र) एम. कॉम अकाउटिंग में श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 जनवरी से प्रारम्भ हो गये है तथा आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। स्नातकोत्तर प्रवेश प्रभारी डॉ. हरिश चन्द्र ने बताया कि स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध अर्थशास्त्र व एम कॉम अकाउटिंग के लिए सभी श्रेणीयों/वर्गो के आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध इतिहास के लिए सभी श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। नवीन प्राप्त आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 1 फरवरी है तथा आवष्यकतानुसार रिक्त स्थानों के लिए अन्तरिम प्रवेश व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 3 फरवरी को किया जायेगा।

## डिजिटल आंदोलन का आगाज किया

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ जिला जालोर की ओर से जिलाध्यक्ष चम्पालाल माली एवं सोशल मीडिया प्रभारी राहुल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संघ के सात सूत्रीय मांगपत्र को पूर्ण करवाने एवं कैडर पुनर्गठन के लिए सोमवार से डिजिटल आंदोलन का आगाज किया है। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी पोस्ट पर संघ से सम्बद्ध सभी सहायक प्रोग्रामरों एवं सूचना सहायकों द्वारा अपनी लंबित मांगों के संबंध में लिखा जाएगा। ताकि इस कोविड के दौर में बिना राजकीय कार्यो को प्रभावित किये राज्य सरकार के समक्ष अपनी जायज मांगो को पहुंचा सके। संगठन की जायज मांगो पर राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया नही मिलने की स्थिति में इस सतत चलने वाले आन्दोलन को उग्र करते हुए आगामी चरण जारी किये जायेंगे।

## जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये

**पिंडवाड़ा,**(निसं)। वेप्स मंडल वं जैन मानव सेवा ग्रुप मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में उपखंड अधिकारी पिण्डवाडा हंसमुख कुमार की प्रेरणा से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के गांव शिवगढ लाज, सींगापावटी,तेजपुरा एवं भादावेरी में जरूरतमंद लोगो को 450 कम्बल वितरण किये गये। वेप्स मंडल अध्यक्ष मनीष जैन के अनुसार पिछले पांच वर्षो से कार्य अविरत रुप से चालू है। जैन मानव सेवा ग्रुप मुम्बई के कार्यकर्ता भामाशाहों से संपर्क कर दानदाताओ के सहयोग से पांच हजार कम्बल मुम्बई, भिवंडी, विरार, पालघर, भाईदर, बोरीवली, कल्याण, पिण्डवाडा, पालीताणा, सूरत, रोहिडा, लवाडा आदि क्षेत्र में प्रशासन के साथ मिलकर जरुरतमंद लोगो को वितरण किया जाता है।

# किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन दिया

**रेवदर,** (निसं)। भारतीय किसान संघ की तहसील बैठक सरेसी माता मन्दिर मै आयोजित तहसील अध्यक्ष गणपतसिंह देवडा की अध्यक्षता में व जोधपुर संभाग युवा प्रमुख सुजानसिह वडवज के मार्गदर्शन एवं जिला मंत्री

- 'किसानों का समान ऋण माफी का लाभ देकर राज्य सरकार किसानों को राहत दिलाये'
- किसानों की यूरिया खाद की कमी का दूर किया जाये

नाथुराम लोहार कि उपस्थित मै आयोजित हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम उप खण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में एसी एस टी,एस सी, किसानों को कृषि कनेक्शन के मांग पत्र जमा होने पर भी कृषि कनेक्शन नहीं दिये गये है जो जल्दी दिया जाए, किसानों को आंडिट के नाम पर घरेलू बिजली के बिल में भारी रकम भरवाई जा रही है वो गलत है उसे बंद कर राहत पहुंचाने का आदेश सरकार बिजली विभाग को देवे सभी किसानों का समान ऋण माफी का लाभ देकर राज्य सरकार किसानों को राहत प्रदान करावे आवारा पशुओं को पंचायत स्तर पर कनजी हाऊस बनाकर पकडकर बंद करके चारा पानी दिया जावे। राजस्थान सरकार द्वारा किसानों को यूरिया खाद की कमी नहीं आने दिया जाए। सहित कई मांग रखी। बैठक में जिला प्रचार प्रमुख धनाराम लोहार तहसील प्रभारी जीवाराम घांची तहसील उपाध्यक्ष बाबुराम कोली दानाराम घांची भीमसिह देवडा भलाराम चोधरी कालुराम माली मफाराम हसाराम गणपत भाई पटेल रताराम कोली सही किसान मौजूद रहे।



रेवदर के सरेसी माता मन्दिर में भारतीय किसान संघ की बैठक तहसील अध्यक्ष गणपतसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

## नारणावास में बेटियों का सम्मान

**जालोर,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नया नारणावास में राष्टीय बालिका दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर बेटियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। राष्टीय बालिका दिवस पर नारणावास सरपंच जशोदा कंवर ने कहा कि नारणावास पंचायत क्षेत्र की बालिकाएं पढ़ाई एवं खेल सहित हर जगह नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नया नारणावास स्कूल की बालिकाओं ने दो वर्ष पूर्व तक लगातार तीन वर्षो तक हैंडबॉल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा बनाए रखा। इसी स्कूल की करीबन 24 से अधिक बालिकाओं ने हैंडबॉल सहित अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भाग लेकर नारणावास पंचायत व जालोर जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानाध्यापक लच्छा राम धांधू ने कहा कि राउप्रावि नया नारणावास के शारीरिक रूप सिंह राठौड़ की मेहनत का ही नतीजा था जो नया नारणावास की हैंडबॉल खिलाड़ियों ने दो वर्ष पूर्व तक लगातार तीन वर्ष तक जिले में पहला स्थान हासिल किया एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 24 से अधिक छात्रा खिलाड़ियों भाग लेकर नाम रोशन किया।

# नवनियुक्त भाजपा जिला पदाधिकारियों का स्वागत



जालोर में भाजपा की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।

**जालोर,** 25 जनवरी(कासं)। भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर से सोमवार को भाजपा जिला कार्यकारिणी में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

नगर महामंत्री रतन सुथार ने बताया कि नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी के नेतृत्व में अलग - अलग स्थानों पर नवनियुक्त जिला महामंत्री हरीश राणावत, प्रकाश छाजेड, जिला मंत्री भूरसिंह देवकी, जितेंद्र सरगरा, सोशल मीडिया संयोजक चंद्रकांत सुंदेशा, प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उनके साथ भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, भाजयुमो पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि अमन मेहता, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिलीप भट्ट, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष पिंटू जीनगर, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेडिया, राजकुमार चौहान अचलसिंह परिहार, घनश्याम सुंदेशा छगन रामावत सहित कहि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**बाड़मेर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. बिश्नोई ने कहा कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं है। बेटियां भी बेटों के समान ऊंचाइयों को छू रही हैं। जरूरत है इन्हें बेहतर शिक्षा देने की। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जा रहा है। हम सभी को आगे आकर इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। बेटियां रहेंगी तभी समाज का अस्तित्व रहेगा। हम सब को सामूहिक प्रयास करके जागरूकता अभियान चलाकर लोगों की मानसिकता बदलनी होगी। जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी बताया कि बेटियां निसंदेह बेटों से बेहतर उच्च शिक्षित होकर आज पूरे विश्वभर में नाम कर रही हैं, इसलिये हमें भेदभाव न करते हुए सदैव बेटियों को उच्च शिक्षा देकर एक नये मुकाम के लिये तैयार करना चाहिये। आंगनबाडी केन्द्र वार्ड संख्या 38 में बालिकाओं का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया, साथ ही बेटियो को बचाने के लिए आमजन को मुखबिर योजना की जानकारी देने के लिए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ बी.एल मंसुरिया ने वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।**

## छात्रा लावण्या को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया

**बाड़मेर,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाड़मेर के कार्यकर्ताओं ने सैकेड हार्ट हाई स्कूल तंजावुर तमिलनाडु की छात्रा लावण्या को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय बाड़मेर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल तमिलनाडु राज्य चेन्नई के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रान्त संहमन्त्री भोमसिंह सुंदरा ने कहा कि बोर्डिंग स्कूल की वार्डन ने लावण्या को प्रताडति किया और उसे अन्य धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। इन घटनाओं से युवती परेशान होकर आत्महत्या कर ली। देश का पूरा युवा बेहद सदमे और पीड़ा में है। लावण्या को न्याय मिले । दोषियों के खिलाफ कड़ी करवाई करे । इकाई अध्यक्ष आरती अग्रवाल ने कहा कि कि हमें क्रोध दिलाता है कि लावण्या को ईसाई मत जबरन मतांतरण के प्रयास के कारण भयावहत के कारण अपना जीवन समाप्त करना पड़ा।

# वैक्सीनेशन व जागरूकता अभियान शुरू

**आबूरोड़,**(निसं)। आबूरोड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग की ओर से सोमवार से वैक्सीनेशन और जागरूकता अभियान शुरू किया गया।

- अभियान के तहत 31 जनवरी तक आबू रोड़ तहसील के गांव-गांव जाकर लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी

यह अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान के तहत चलाया जा रहा है। शांतिवन के प्रकाश स्तंभ से अभियान को संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय और मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी लाल शाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सचिव डॉ. शाह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के तहत मेडिकल विंग और आबू रोड़, सिविल हॉस्पीटल की टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान का ये पहला चरण है। इसके तहत 31 जनवरी तक आबू रोड़ तहसील के गांव-गांव जाकर लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीणों में वैक्सीन को लेकर जो भ्रम की स्थिति है उसे दूर किया जाएगा। उन्हें वैक्सीन लगवाने की फायदे से रूबरू कराया जाएगा। जिन लोगों ने अब तक वैक्सीन का एक भी डोज नहीं लगवाया है, ऐसे लोगों को चिह्नित तक विशेष रूप से उनकी काउंसलिंग करके वैक्सीन लगाई जाएगी। इस दौरान लोगों को संदेश दिया जाएगा कि कैसे वैक्सीन लगवाकर आप सभी सुरक्षित रह सकते हैं।

मेडिकल विंग के सचिव डॉ. शाह ने बताया कि अभियान के तहत शांतिवन से पांच एंबुलेंस में चालीस लोगों की टीम रवाना की गई। सभी टीमों को मिलाकर एक दिन में 25 गांव कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत जिन गांवों में अब तक वैक्सीनेशन नहीं हुआ है वहां टीमें जाकर लोगों को जागरूक कर वैक्सीन लगाएंगी। पहला चरण 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। जिसके तहत सैकडो गांवों तक पहुंचने की योजना है। वैक्सीनेशन के दौरान सरकारी द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए मेडिकल टीम कार्य करेगी। हमारी एक एंबुलेंस में दो-दो लोग राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी रहेंगे। इस अभियान में मुख्य रूप से डॉ. गौतम, डॉ. पीएन गुप्ता, डॉ. भारती, डॉ. पूर्वी, बीके कृष्णा और बीके पवित्र भाई सहित अन्य भाई-बहनों द्वारा अपनी सेवाएं दी जा रही हैं।



आबूरोड़ में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से वैक्सीनेशन और जागरूकता अभियान शुरू किया गया।

सार-समाचार

## वांकल माता मन्दिर के पंचम वार्षिकोत्सव पर ध्वजारोहण किया



**सायला,** (निसं)। सायला के निकटवर्ती मोकनीखेड़ा में देवासी आल परिवार की कुलदेवी वांकल माता मंदिर का पंचम वार्षिकोत्सव सोमवार को सुराणा महन्त मंगलाईनाथ महाराज व भोपा भारती के सान्निध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव को लेकर वांकलमाता की प्रतिमा विशेष श्रृंगार किया गया तथा मंदिर प्रांगण की फूल मालाओं से आकर्षक सजावट की गई। साथ ही सवेरे से ही मंदिर परिसर में देवासी समाजबन्धुओ का पारम्परिक वेशभूषा में सजधज कर आना शुरू हो गया था। प्रातः 10 बजे तक मन्दिर में बडी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो गए। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ साधु-संतों के सान्निध्य में लाभार्थी नेतीजी परिवार के सदस्यों द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गा रही थी तथा श्रद्धालु माताजी की जयकारें लगा रहे थे। साथ ही मंदिर में श्रद्वालुओं ने दर्शन कर प्रसादी का भोंग लगाकर खुशहाली की कामना की। इस मौके महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रभर से समाजबन्धुओं ने भाग लिया।

## सूने मकान के ताले तोड़े

**पिंडवाड़ा,**(निसं)। शहर सहित तहसील क्षेत्र में शीतलहर का कहर जारी है। कडाके से ठंड लोगों की रूह कांप रही है। जिसके चलते अधिकतर लोग घर में रजाइयो के बीच दुबके रहते हैं। जिसके चलते शहर के कई लोग अन्य राज्यों के शहरों में जीवन यापन करने वाले के सूने पड़े मकानों को अपना निशाना बना रहे हैं। ऐसी ही घटनाशहर के बीचोबीच नई शेरी सती माता मंदिर के पास की गली के सूने मकान परअज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। जानकारी के अनुसार नई शेरी जैन मंदिर के पास इस्त्री करने वाला जगदीश कुमार जगदीश वछैटा खाना खाकर अभी दुकान पर आ रहा था। उस दौरान नई शेरी गली के शक्ति माता मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते के नरेश कुमार पुत्र जो छोगाराम जाति जैन के मकान की जाली खुली देखकर उसने मकान मालिक के दोस्त तरुण जैन को जाली खुली होने की जानकारी दी। खबर मिलते ही तरुण कुमार खुली जाली के मकान के पास पहुंचा और मकान मालिक को फोन करके जाली खुली होने की बात बताई । चोरी होने की घटना आस पास के लोगों को लगते ही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। जिसके बाद तरुण अन्य लोगों के साथ मकान के अंदर गए। तब उन्होंने देखा कि अलमारी टूटी हुई और उसमें कपड़े व अन्य सामान बिखरा हुआ दिखा। वह लोहे का लॉकर को भी चोरों ने तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। जिसके बाद पूरे मकान की जांच की तो मकान के दरवाजे के सभी ताले टूटे पड़े हुए मिले। जिसके बाद उन दोनों ने मजदूर को बुलाकर साफ सफाई कर नए ताले लगवाए। चोरी का खुलासा तो मकान मालिक आने के बाद ही लगता है। मकान मालिक मौजूद नहीं होने के चलते पुलिस थाने में मामला दर्ज नहीं हुआ। वहीं क्षेत्र में चोर लगातार चोरी घटना को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन मकान मालिक हाजिर नहीं होने के चलते पुलिस थाने में मामला दर्ज नहीं होता है और कुछ लोग चोरी का मामला पुलिस थाने में दर्ज कराने में डरते हैं। जिसके चलते शहर भर में अज्ञात चोर लुटेरे लूटपाट चोरी की वारदातों को बेखोफ अंजाम दे रहे हैं और उनके हौसले बुलंद है।

## हज आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर में हज यात्रा 2022 के आवेदन अपने अंतिम चरण में है। जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी है। हज सेवक बच्चु खान कुम्हार ने बताया कि इच्छुक हज जाने वाले यात्री जल्द से जल्द अपने दस्तावेज तैयार कर मुस्लिम मुसाफिर खाना बाडमेर में जमा करवा दें। हज यात्रा के लिए ऑनलाइन फॉर्म स्थानीय मुस्लिम मुसाफिर खाना में भरे जा रहे है। सोमवार को शहर के अब्दुल सत्तार खिलजी, मोबिना बानू सहित अमीन ग्रुप व काश्मीर खान ग्रुप के सदस्यों ने जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना लाल मोहम्मद सिद्दीकी, मुस्लिम इंतजामिया कमेटी के सदर मोहम्मद मंजूर कुरेशी व मोमीन ब्रदर्स मंच के संयोजक अबरार मोहम्मद के सानिध्य में हज आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर आवेदन जमा करवाएं। इस अवसर पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना लाल मोहम्मद सिद्दीकी ने कहा कि हज पर जाने का मौका खुशनसीब लोगों को मिलता है। ऐसे में हज पर जाने वाले सभी मुस्लिम भाई बहिनों को पूरे अहतमाम व शिद्दत के साथ सफर को पूरा करना चाहिए। इस दौरान बाड़मेर शहर के गणमान्य लोगों ने हज आवेदन करने वालों को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मास्टर गुलाम नबी खिलजी, हाजी मोहम्मद शरीफ, हाजी मोहम्मद इब्राहिम, हाजी मुख्तियार, मौलवी मोहम्मद रमजान, हाजी निजामुदिन खिलजी, मोहम्मद सिद्धिक खिलजी, शकील खिलजी, शाबीर खिलजी, लुकमान अली, अफजल खिलजी, हज सेवक बच्चु खान कुम्हार व अन्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही उन्होंने हज यात्रा सफल होने की दुआ की और उन्होंने बताया की हज आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

**जालोर,** (कासं)। निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक ऑनलाईन मोड पर 25 जनवरी को मनाया जाएगा। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चम्पालाल जीनगर ने बताया कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद के सभा भवन में दोपहर एक बजे आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में निर्वाचन एवं मतदाता पंजीकरण सम्बन्धी जानकारी दी जायेगी।

# 'सभी विभाग टीकाकरण अभियान को सफल बनाएं'

**जालोर,** (कासं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय वासु ने कहा कि मंगलवार को जिलेभर में आयोजित होने वाले टीकाकरण महाअभियान में 15 से 18 आयुवर्ग प्रथम डोज, 18 वर्ष से अधिक वर्ग में एवं वरिष्ठ जनों के लिए दी जा रही बूस्टर डोज में सहभागिता कर अभियान को सफल बनाया जाये।

- अतिरिक्त जिला कलेक्टर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विभागवार लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की

वासु ने जन कल्याणकारी योजनाओं से आम जन को लाभान्वित करते हुए विभागवार लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी सम्पर्क पोर्टल, बजट घोषणा एवं फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मोनिटरिंग करे। वे सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बिजली, पानी, सडक, मौसमी बीमारियों एवं अन्य बिन्दुओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले में कोविड की सैम्पलिग बढ़ाने के साथ-साथ टीकाकरण अभियान में लक्ष्यानुरूप उपलब्धि अर्जित करने के निदेश दिये। बैठक में जिले में एक्टिव कोरोना केस पर जानकारी लेते हुए पॉजिटिव आए लोगों की कॉनटेक्ट ट्रेसिंग एवं ट्रेवल हिस्ट्री पता कर संक्रमण को रोकने की बात कही। संस्थागत प्रसव, राजश्री योजना, शुद्ध के लिए युद्ध अभियान की समीक्षा करते हुए सैम्पलिंग बढाने के चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवैध कनेक्शनों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही पर नियमित रूप से मासिक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बिजली एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए जल जीवन मिशन तथा नर्मदा प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में खाद्यान वितरण, फसली ऋण वितरण, इन्दिरा रसोई योजना, गोशाला का सर्वे, घर-घर औषधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए योजना एवं लक्ष्यानुरूप कार्यो की क्रियान्विति सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में सीएमएचओ गजेन्द्र सिंह देवल, आरसीएमओ डॉ. रमाशंकर भारती, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता ताराचन्द कुलदीप, बिजली के एसई एनके जोशी, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. आरबी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कमल सिंह, रसद विभाग से नमिता नारवाल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।